आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

संसद का बजट सत्र कल से शुरू होगा। इससे पहले सरकार की पहल पर आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की । केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह और किरेन रिजिजू समेत कई केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, ऑल इंडिया मजलिस–ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन औवेसी सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए। हमारे संवाददाता ने बताया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सांख्यिकीय जानकारी और विश्लेषण प्रदान करता है। वित्त मंत्री मंगलवार को लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस पचीस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। सरकार इस सत्र में छह नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक प्रमुख तौर पर शामिल हैं।

****

आज गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। व्यास पूर्णिमा के नाम से भी प्रसिद्ध यह दिन आध्यात्मिक गुरुओं और आचार्यों को समर्पित होता है। इस अवसर पर वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट और हापुड़ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों की पवित्र नदियों में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वाराणसी जिले में मुस्लिम महिलाओं ने महंत बालक दास की आरती उतारी और उन्हें गुरु पद से सम्मानित किया। अयोध्या में श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद नागेश्वर नाथ ,कनक भवन और राम जन्म भूमि मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना की। वहां दिन भर मेले जैसा दृश्य देखा गया। गोरक्षपीठ के महंत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में आज सुबह गुरु गोरखनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की और उन्हें रोट का प्रसाद चढ़ाया। उन्होंने नाथ परम्परा के सभी गुरुओं की अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर स्थित भगवान शिव के मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया। मंदिर के संतों ने उन्हें तिलक लगा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजय नाथ स्मृति भवन सभागार में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुए कार्यक्रम और वहां पिछले कई दिनों से चल रहे कथा की पूर्णाहुति कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

****

वाराणसी जिले के सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में आज आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिषद, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के संदेशों से पूरे विश्व को शांति का रास्ता मिल रहा है। कार्यक्रम को संस्थान के कुलपति वांगचुक दोरजी और बौद्ध परिसंघ के महासचिव रिंपोचे जांगचुप ने भी सम्बोधित किया।

****

अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के मंदिर परिसर में पुजारियों के लिए एंड्रॉयड फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पुजारी और उनके सहायक वहां सिर्फ कीपैड वाले मोबाइल ले जा सकेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से उन्हें की पैड फोन उपलब्ध करा दिये गये हैं। साथ ही भगवान राम लला की सेवा राग भोग और पूजा के लिए एक सहायक पुजारी के साथ पांच अर्चकों की भी तैनाती कर दी गई है। यह अर्चक रामलला की राग भोग सेवा और उपासना में निर्धारित किए गये समय के अनुसार उपलब्ध रहेंगे । ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट के निर्णय के अनुसार मंदिर के गर्भगृह में पुजारियों के एंड्रॉयड फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था।

****

फर्रुखाबाद जिले के जहानागंज थानाक्षेत्र के बहोरीकपुर के पास आज एक तेज रफ्तार पिक अप पेड़ से टकरा कर पलट गया। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी, जबकि तेईस अन्य लोग घायल हो गये। एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। गंभीर तौर पर घायल बारह लोगों को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

एक अन्य दुर्घटना में, प्रतापगढ़ के देहात कोतवाली क्षेत्र में आज सुबह कुएं में डूब कर दो चचेरे भाईयों की मौत हो गयी। दोनों भाइयों को बचाने के लिए कुएं में कूद गये उनके दादा की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।(डेस्क/

****